गोंदिया

गोंदिया रेलवे स्टेशन में आपका स्वागत है। यह रेलवे स्टेशन हावड़ा–मुबंई मार्ग पर नागपुर मंडल का एक महत्वपूर्ण जंक्शन स्टेशन है, जो बालाघाट एवं चांदाफोर्ट रेल मार्गों से जुड़ा है। इस क्षेत्र में चावल की पैदावार अधिक होने के कारण गोंदिया चावल नगरी के नाम से भी प्रसिद्ध है। गोंदिया स्टेशन की सफाई यांत्रिक मशीनों द्वारा की जाती है जिसमें बैटरी ऑपरेटेड स्क्रबर मशीन, वॉटर जेट मशीन, स्क्रबर ड्रायर आदि मशीनों का उपयोग किया जाता है तथा पटरियों पर रैग पिकिंग का कार्य किया जाता है। सफाई कार्य के लिए इको फ्रेन्डली व बायो डिग्रेबल सामग्री क उपयोग किया जाता है। इस स्टेशन में गीले व सूखे कचरे अलग–अलग इकठ्ठा कर निष्पादन किया जाता है ।